आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरूवार 13.03.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- **अंतरिक्ष अन्वेषण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए इसरो ने स्पेडेक्स मिशन की डी–डॉकिंग प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की।**
- **प्रदेशभर में होली की धूम, घर–घर जाकर होली गीत गा रही होल्यारों की टोलियां।**
- **मुख्यमंत्री आवास में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में दिखे उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति के विविध रंग।**
- **प्रदेश में होली के पर्व को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए।**

इसरो सफलता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो उपग्रहों को अलग करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में यह देश की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने वैज्ञानिकों को इस सफलता के लिए बधाई दी है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा कि यह सफलता भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान–4 और गगनयान सहित भविष्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी। अंतरिक्ष में डॉक और अनडॉक करने की यह उन्नत क्षमता भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है, जिसमें चंद्रमा पर उतरना, नमूने एकत्र करना और पृथ्वी पर वापस लौटना शामिल है। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत इस तकनीक में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है।

होली चम्पावत/बागेश्वर

प्रदेशभर में होली की धूम मची हुई है। विभिन्न जिलों में होली मिलन समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, चम्पावत जिले के विभिन्न स्थानों पर इन दिनों खड़ी और बैठकी होली अपने चरम पर है। हमारे चम्पावत सहयोगी ने बताया कि जिले के टनकपुर बनबसा, चम्पावत, लोहाघाट, बाराकोट और सुई सहित अन्य स्थानों पर काली कुमाऊँ की खड़ी होली के नाम से विख्यात होली की धूम मची है। उधर, बागेश्वर में बाबा बागनाथ मंदिर में आज गांवों की होलियों का समागम हुआ। हमारे बागेश्वर सहयोगी ने बताया कि होल्यारों की टोली ढोल–मजीरे की थाप पर होली के गीत गाते हुए मंदिर परिसर पहुंची। टोलियों ने एकजुट होकर खड़ी होली गायन किया।

होली अल्मोड़ा

अल्मोड़ा के रानीखेत में सांस्कृतिक समिति की ओर से महिला होली गायन, होली मिलन और सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें नैनीताल, अल्मोड़ा, रानीखेत और द्वाराहाट सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आई 18 महिला टीमों ने भाग लिया। सांस्कृतिक यात्रा के दौरान पारंपरिक परिधानों में महिलाओं की टोलियों ने होली गायन किया और स्वांग की सुंदर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। होली कार्यक्रम में भाग लेने वाली रानीखेत की ज्योति शाह काफी उत्साहित नजर आईं।

होली मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री आवास में आज उत्तराखण्ड की समृद्ध संस्कृति के रंगों के साथ भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्रियों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उन्हें होली की शुभकामनाएं

दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है, जो समाज में सांस्कृतिक एकता और समरसता को सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम में गढ़वाल, कुमाऊं, जौनसार और थारू सहित विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों ने अपनी–अपनी परंपराओं के अनुसार मनाई जाने वाली होली का शानदार प्रदर्शन किया।

सुरक्षित होली

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में होली के पर्व को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। सभी प्रमुख मार्गों पर वाहनों की चैकिंग की जा रही है। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उधर, खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए व्यापक छापेमारी अभियान जारी है। इस दौरान पनीर, मावा और अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। मिलावट पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

होलिका पूजन

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश में होली का उल्लास चरम पर है। जगह–जगह होली मिलन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। तमाम लोग रंगों से सराबोर होकर रंगपर्व की उमंग में डूबे नजर आ रहे हैं। इस बीच, जगह–जगह चौक–चौराहों पर होलिका दहन की तैयारी चल रही है। सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर महिलाएं होलिका की पूजा–अर्चना और परिक्रमा करती नजर आ रही हैं। होलिका दहन के लिए उचित मुहूर्त रात 11 बजकर 26 मिनट के बाद का बताया गया है।

बर्फ की होली

उत्तरकाशी जिले की हर्षिल घाटी के सुक्खी में सरकारी प्राइमरी स्कूल में छोटे–छोटे बच्चों ने एक–दूसरे पर बर्फ फेंककर होली का त्योहार मनाया। होली की छुट्टी से पहले सरकारी प्राइमरी स्कूल में होली का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चो ने बर्फ से होली खेली। पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद हर्षिल घाटी में चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है।